# उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0
## (राजकीय निर्माण एजेन्सी)
## आई.एस.ओ. 9001:2008

**– पंजीकरण फार्म शुल्क –**
**2000.00 (GST 18% अतिरिक्त)**

# (विशिष्ट कार्य) मृदा परीक्षण/सर्वे सम्बन्धी ठेकेदार हेतु
## – पंजीकरण नियमावली –

# (विशिष्टि कार्य), मृदा परीक्षण के पंजीकरण/सूचीबद्धता हेतु आवेदन

यहां स्वप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा करें।

| | | |
|---|---|---|
| 1– | श्रेणी जिसके अन्तर्गत आवेदन किया गया है। | ........................................................................ |
| 2– | फर्म का नाम एवं पता | ........................................................................ |
| 3– | फर्म के स्वामी का नाम/स्थायी पता (पासपोर्ट/मतदाता पहचान पत्र/आधार कार्ड पत्र में से किसी एक की छायाप्रति पते के साक्ष्य के रूप में संलग्न करें) | ........................................................................<br>........................................................................<br>........................................................................ |
| 4– | वर्तमान पता | ........................................................................<br>........................................ |
| 5– | GSTIN (छायाप्रति संलग्न करें) | ........................................................................ |
| 6– | आयकर पैन कार्ड नम्बर तथा कर निर्धारण का साक्ष्य (संलग्न करें) | ........................................................................ |
| 7– | चरित्र प्रमाण पत्र (संलग्न करें) | ........................................................................ |
| 8– | हैसियत प्रमाण पत्र (संलग्न करें) | ........................................................................ |
| 9– | धरोहर धनराशि बैंक ड्राफ्ट जो राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0 के नाम से जारी किया गया हो एवं Payable at ............ (मूलरूप में संलग्न करें) | ........................................................................ |
| 10 | बैंक का विवरण | बैंक का नाम – एच0डी0एफ0सी0 बैंक<br>खाता संख्या – 50100517059668<br>IFSC Code – HDFC0008112<br>में जमा कर ट्रोजेक्शन रसीद संलग्न करें। |

| क्र0 | विवरण | निर्धारित शुल्क | जी0एस0टी0 (18 प्रतिशत) | कुल धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फार्म शुल्क (मृदा परीक्षण/सर्वे) | 2000.00 | 360.00 | 2360.00 |
| 2 | पंजीयन शुल्क (मृदा परीक्षण/सर्वे) | 10,000.00 | 1800.00 | 11,800.00 |
| 3 | धरोहर धनराशि (राष्ट्रीयकृत बैंक से एफ0डी0आर0) (बंधक-प्रबन्ध निदेशक, यू0पी0सी0एल0डी0एफ0) | 1,00,000.00 | – | 1,00,000.00 |

दिनांकः

आवेदक के हस्ताक्षर

13/03/24 13/3/24

## मृदा परीक्षण (Soil Testing) कार्य हेतु पंजीकरण के नियम व शर्तें

1. सभी इच्छुक फर्म का GST और आयकर में पंजीकृत होना चाहिए, उन्हे आयकर भुगतान एवं कर निर्धारण के साक्ष्य (AY 17-18, AY 18-19, AY 19-20) में 02 Consecutive Year प्रस्तुत करने के साथ-साथ पैन कार्ड की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
2. फर्म को रू0 100/- के स्टाम्प पेपर पर एक नोटरी सर्टीफाइड शपथ पत्र देना होगा कि "उनकी फर्म के खिलाफ न्यायालय में कोई अपराधिक/वित्तीय अनियमितता का केस विचाराधीन नहीं है, संस्था को ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया है तथा उनके द्वारा सूचीबद्धता हेतु प्रस्तुत किया गया कोई भी अभिलेख यदि असत्य पाया जाता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व फर्म/कम्पनी का होगा"। सूचीबद्धता के लिए कॉन्ट्रेक्टर को जिलाधिकारी द्वारा वैध चरित्र प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। अनुमन्य धरोहर धनराशि रू0 1,00,000.00 (रूपये एक लाख मात्र) का किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत F.D.R. जिसकी वैद्यता न्यूनतम तीन वर्ष होगी जो कि "**प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0**" के पक्ष में बन्धक हो, जमा करना होगा।
3. मृदा परीक्षण कार्य हेतु विगत पांच वर्षो (वर्तमान वित्तीय वर्ष एवं इससे पूर्व के चार वर्ष) में सरकारी विभागों/संस्था/निगमों में किसी भी तीन वर्ष में कुल रू0-06 लाख के कार्य कराने का अनुभव संलग्न करना होगा। फर्म को इस आशय का प्रमाण पत्र भी देना होगा कि उसके पास स्वयं की प्रयोगशाला आवश्यक संयत्रों (लिस्ट संलग्न करें) सहित उपलब्ध है। अनुभव सम्बन्धित प्रमाण पत्र अधिशासी अभियन्ता, यू0पी0आर0-एन0एस0एस0, यू0पी0सी0एल0डी0एफ0 अथवा अन्य सरकारी विभागों/निगमों का संलग्न करना आवश्यक है, जोकि कम से कम अधिशासी अभियन्ता अथवा समकक्ष अधिकारी द्वारा जारी किया हुआ है।
4. पंजीकरण हेतु आवेदनकर्ताओं में से उपयुक्त पाये गये आवेदनकर्ताओं की सूचना जारी होने की तिथि से 03 वर्ष के लिए वैध होगा, पंजीकरण होने के उपरान्त 03 वर्ष के अन्तर्गत धरोहर की धनराशि लौटाई नहीं जायेगी।
5. फर्म के विरूद्ध किसी भी प्रकार की शिकायत एवं उसके कृत्यों के आपत्तिजनक पाये जाने पर कभी भी पंजीकरण निरस्त किया जा सकता है एवं धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
6. सम्बन्धित फर्म का श्रम विभाग में नियमानुसार पंजीकरण आवश्यक होगा तथा प्रभावी श्रम नियमों के अनुपालन का पूर्ण उत्तरदायित्व होगा।
7. वैधता समाप्त होने के पहले पंजीकरण का नवीनीकरण कराना आवश्यक होगा अन्यथा उनका पंजीकरण स्वतः निरस्त माना जाएगा।
8. यदि पंजीकरण अवधि के बीच में मांगे गये किसी भी पंजीयन/प्रमाण-पत्र की अवधि समाप्त हो जाती है तो समय से पूर्व उसका नवीनीकरण कराकर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा पंजीकरण स्वतः निरस्त माना जाएगा।

13-3-24 13/03/24 13/3/24 13/3/24

9. किसी भी विवाद की स्थिति में प्रबन्ध निदेशक, **उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0,** का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

10. ठेकेदारों/फर्मों के पंजीकरण की स्वीकृति प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0, लखनऊ (सी0एल0डी0एफ0) निविदा समिति की संस्तुति के आधार पर प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0, लखनऊ (सी0एल0डी0एफ0) के स्तर से की जायेगी।

11. ठेकेदारों/फर्मों को पंजीकरण प्रपत्र के साथ दरें भी संलग्न करना आवश्यक होगा।

13-3-24 13/03/24 13/3/24 13/3/24

वर्ष : 2023-24

## ......................श्रेणी में पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र

आवेदन पत्र का क्रमांक :...................... मूल्य रू0 2000/-(18% GST extra)

1. नाम/फर्म.................................................................................................

2. पूरा पता.........................................................................................................

.................................................................................................................

......................................................................मो0नं0....................................................

........फोन नं0....................................................................

ई-मेल..............................................................आधार कार्ड सं0........................................

3. स्वामित्व/पार्टनरशिप प्रारूप-द (संलग्न-1)
4. स्टाफ की संख्या नाम व पते। (संलग्नक-2)
5. पंजीकरण हेतु जिलाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित चरित्र प्रमाण पत्र एवं सत्यापित निवास स्थान का पता। (संलग्नक-4)
6. दो नवीनतम प्रमाणित फोटो संलग्न करनी होगी। (समस्त भागीदारों की) तथा आधार कार्ड की स्वप्रमाणित प्रति (संलग्नक-5)
7. आयकर विभाग से पिछले वित्तीय वर्ष के आयकर रिटर्न की प्रति एवं बैलेंस शीट, पैन नं0 की छायाप्रति। (संलग्नक-6)
8. वाणिज्यकर विभाग द्वारा GST नम्बर की छायाप्रति। (संलग्नक-7)
9. पी0एफ0 रजिस्ट्रेशन। (संलग्नक-8) (यदि उपलब्ध है)
10. इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि फर्म के किसी भी पार्टनर का निकट का रिश्तेदार/ब्लड रिलेशन निगम में कार्यरत नहीं है। (संलग्नक-9)
11. रू0 100.00 के स्टैम्प पेपप पर सत्यापित स्वघोषणा पत्र (संलग्नक-10)।
12. पिछले (वर्तमान वर्ष एवं पहले के पाँच वर्ष) वर्षो में किये गये मृदा परीक्षण कार्यो के विवरण की सूची।(संलग्नक-12)
13. सभी अनुभव प्रमाण पत्र। (संलग्नक-14)
14. परिशिष्ट-स के अनुसार शपथ-पत्र।
15. पार्टनरशिप फर्म के लिए रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटी का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।(संलग्नक-16)
16. अन्य आवश्यक संलग्नक यदि जमा किया गया है उसका उल्लेख करें।(संलग्नक-17)
17. आवेदन पत्र ऑनलाइन यू0पी0सी0एल0डी0एफ0 की वेबसाइट www.upcldf.in पर आवेदन करना होगा एवं जाँचोपरान्त समस्त प्रपत्र सही पाये जाने पर विभाग द्वारा सम्बन्धित के ई-मेल पर सूचना प्राप्त होने के उपरान्त मूल प्रति एक सप्ताह के अन्दर जमा करनी आवश्यक होगी।

13-3-24 13/03/24 13/3/24 13/3/24

18. प्रत्येक आवेदन पत्र के साथ सम्बन्धित प्रमाण पत्र अपलोड होने चाहिए।

19. एक से अधिक ग्रुप में पंजीकरण हेतु अलग-अलग प्रपत्रों पर आवेदन पत्र आनलाइन भरना आवश्यक होगा।

20. आनलाइन आवेदन के साथ अन्तिम वर्ष के आयकर क्लियरैन्स प्रमाण पत्र अपलोड करना चाहिए। बिना आयकर क्लियरैन्स प्रमाण पत्र दिए पंजीकरण हेतु आवेदन मान्य नहीं होगा।

21. जो अंश लागू न हो उसमें Not Applicable लिख कर अपलोड किया जाए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| नवीनतम सत्यापित पासपोर्ट साइज का फोटोग्राफ (सभी भागीदारों के) | | | |

नमूना हस्ताक्षर ....................................... ....................................... 

नमूना हस्ताक्षर ................................. .................................

13-3-24 13/03/24 13/3/24

# शपथ पत्र

| | |
|---|---|
| मै..................................................पुत्र श्री .................... निवासी (स्थायी पता)................................................................ (अस्थाई पता)...................................................... का निवासी हूं। मै शपथ पूर्वक निम्न घोषणा करता हूं:– | सम्बन्धित अधिकारी द्वारा प्रमाणित पासपोर्ट साइज का नवीनतम फोटोग्राफ चस्पा किया जाय |

1. मै यू0पी0सी0एल0डी0एफ0 का मृदा परीक्षण श्रेणी का पंजीकृत ठेकेदार हूं/नहीं हूं। (विभाग द्वारा निर्गत श्रेणी सम्बन्धी प्रमाण–पत्र संलग्न किया जाय) मेरे पास पर्याप्त चल और अचल सम्पत्ति है और व्यवसायिक रूप से मै यू0पी0सी0एल0डी0एफ0 के कार्यो को पूरा करने के लिए सक्षम और समर्थ हूं। मेरे पास आवश्यक मशीने और उपकरण आदि भी है तथा मुझे इस कार्य का पर्याप्त अनुभव है।
2. यू0पी0सी0एल0डी0एफ0 द्वारा जो (कार्य का विवरण लिखा जाय)..........................कराने की निविदा निर्गत की गई है अथवा निर्गत की जाएगी, उसके लिए मै विभाग द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निविदा भर रहा हूं।

   अथवा पंजीकरण आवेदन होने की दशा में ''लागू नहीं'' लिखें।
3. मेरे द्वारा दिये जा रहे प्रमाण पत्रः चरित्र प्रमाण पत्र/आयकर प्रमाण पत्र/व्यापार कर प्रमाण पत्र/ जमानत का प्रमाण पत्र धनराशि आदि का प्रमाण पत्र तथा अन्य सुसंगत अभिलेख आदि मूलरूप में निविदा पत्र/पंजीकरण आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर दिये गये है।

   अथवा पंजीकरण हेतु मांगे गये प्रमाण पत्र मूल रूप में संलग्न कर दिये गये है।
4. मेरा पैन नं0..............................है। (आयकर विभाग द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र संलग्न किया जाय)।
5. मेरे विरूद्ध अपराधिक मुकदमों का विवरण निम्न प्रकार है। यहां पूरा विवरण दिया जायेः–

   5.1. मुकदमा नम्बर................................

   5.2. धारायें................................................

   5.3. थाना.................................................

   5.4. जनपद..............................................

   5.5. न्यायालय (जहां मुकदमा चल रहा है)..............................................
6. मै लोक निर्माण विभाग अथवा राज्य सरकार के अन्य विभागों/निगमों द्वारा ब्लैक लिस्टेड ठेकेदार की श्रेणी में नहीं आता हूं। मै अपराधिक गतिविधियों, माफिया तथा गैंगेस्टर

13-3-24 13/03/24 13/3/24

गतिविधियों और संगठित अपराध करने की गतिविधियों और असामाजिक कार्यो आदि में लिप्त नहीं हूं। मै माफिया और अपराधी नहीं हूं। मेरा चाल-चलन, कार्य तथा आचरण उत्तम है।

7. मेरे विरूद्ध जनपद में तथा प्रदेश में कोई भी मुकदमा दर्ज नहीं है।
8. यदि कार्य प्राप्त करने के पश्चात् मेरे विरूद्ध माफिया गतिविधियों/असामाजिक गतिविधियों एवं संगठित अपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने के बारे में कोई शिकायत प्रमाणित पायी जाती है तो सक्षम अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह मेरा ठेका/अनुबन्ध निरस्त कर दे। इस पर मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी। मेरे द्वारा यदि विभाग/राज्य सरकार के विरूद्ध कोई अपराधिक कृत्य किया जाता है अथवा सरकारी धन का गबन किया जाता है तो सक्षम अधिकारी यह अधिकार होगा कि वह मेरे विरूद्ध अपराधिक मुकदमा नियमों के अन्तर्गत दर्ज कराये।
9. मै अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार समय से पूरी गुणवत्ता के साथ तथा निर्धारित विशिष्टियों के अनुरूप कार्य पूरा करूंगा और विभाग को पूरा सहयोग प्रदान करूंगा।
10. मेरा कार्य एवं आचरण उत्तम है।
11. मै शपथपूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरा स्थाई पता और अस्थाई पता निम्न प्रकार है:-

(अ) स्थायी पता (दूरभाष सहित)..........................................................................................

(ब) अस्थायी पता (दूरभाष सहित)........................................................................................

(यहां पूरा पता दूरभाष सहित एवं पिनकोड सहित लिखा जाय)

12. मै शपथपूर्वक घोषणा करता हूं कि मै उपरोक्त पते पर रहता हूं तथा विभाग द्वारा प्रदान किये गये कार्य के पूरा होने तक मेरे किसी पते में सामान्यतः कोई परिवर्तन नहीं होगा। यदि अपरिहार्य परिस्थितियों में किसी पते में परिवर्तन होता है तो इसकी सूचना मै तत्काल प्रखण्ड प्रभारी/प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि0,लखनऊ और जिला मजिस्ट्रेट/कलेक्टर को दूंगा।

13. मै यह भी घोषणा करता हूं कि विभाग के जिस कार्य के लिए मेरे द्वारा ठेका लिया जा रहा है उसके सापेक्ष चल एवं अचल सम्पत्ति का हैसियत प्रमाण पत्र जिला मजिस्ट्रेट/कलेक्टर/ राष्ट्रीयकृत बैंक (जनपद का नाम लिखा जाय)..........................द्वारा प्राप्त करके मूलरूप से संलग्न किया जा रहा है। यह भी घोषणा करता हूं कि इस हैसियत प्रमाण पत्र का उपयोग अन्य कार्यो के लिए नहीं किया जायेगा अथवा पंजीकरण हेतु प्रस्तुत हैसियत प्रमाण पत्र संलग्न है।

अथवा पंजीकरण हेतु मांगे गये हैसियत प्रमाण पत्र मूलरूप में संलग्न है। इसका उपयोग अन्य प्रयोजन के लिए नहीं होगा।

14. मै अपनी पूर्ण जानकारी में पूरे होशो-हवाश में, स्वस्थचित्त से, पूरी सत्यनिष्ठा से तथा स्वेच्छा से यह शपथ पत्र लिखकर दे रहा हूं। ईश्वर मेरी मदद करें।

दिनांक

शपथी का पूरा हस्ताक्षर
पूरा नाम-
पता-

13-3-24 13/03/24 13/3/24 13/3/24

नोटः–

1. यह स्वघोषणा शपथ–पत्र रू0 100/– (रू0 एक सौ) के Stamp Paper पर नोटरी द्वारा साक्ष्यों की उपस्थिति में सत्यापित कराते हुए दिया जायेगा।
2. असत्य शपथ–पत्र देना एवं संगीन और संज्ञेय अपराध है।
3. सम्बन्धित व्यक्ति द्वारा पासपोर्ट साइज का अपना फोटोग्राफ, जो राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित हो, शपथ पत्र के ऊपर निर्धारित स्थान पर चस्पा किया जायेगा।

SK 13-3-24 13/03/24 13/3/24 13/3/24

परिशिष्ट–च

कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट.......................

**चरित्र प्रमाण–पत्र**

फोटो

1– आवेदक का नाम श्री/श्रीमती........................................

2– पिता/पति का नाम श्री...............................................

3– आयु.................................

4– शैक्षिक योग्यता.................................................................

5– व्यवसाय...........................................................

6– पता–(अ) स्थायी पता दूरभाष सहित.........................................

(ब) अस्थायी पता दूरभाष सहित..................................

7– अपराधिक मुकदमों का विवरण......................................

(व्यक्ति के विरूद्ध जनपद में दर्ज मुकदमों, अपराधिक गतिविधियों और आसमाजिक कार्यो का विवरण दिया जाय। यदि किसी न्यायालय में अपराधिक मुकदमा चल रहा है तो उसका विवरण भी दिया जाय। यदि सिचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग अथवा राज्य सरकार के अन्य विभागों/निगमों द्वारा ब्लैक लिस्टेड किया गया हो तो उसका विवरण भी दिया जाय। माफिया/गैंगेस्टर गतिविधियों एवं संगठित अपराधों के लिप्त व्यक्तियों के बारे में विशेष रूप से जाँच करने के बाद ही प्रमाण–पत्र निर्गत किया जाय और इसका उल्लेख इस कालम में अवश्य किया जाय।)

8– सामान्य ख्याति...................................................

9– प्रमाण–पत्रः–

मेरे द्वारा श्री........................के कार्य और आचरण तथा चरित्र के सम्बन्ध में पूरी तथ्यात्मक जानकारी कर ली गयी है। इनके विरूद्ध अपराधिक मुकदमों की सूचना भी पुलिस से प्राप्त की गयी है। सभी तथ्यों की जानकारी के पश्चात् मैं प्रमाणित करता हूँ कि श्री....... ..................................का कार्य और आचरण तथा चरित्र उत्तम है, और इनके सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में अथवा राज्य सरकार के किसी विभाग/निगमों में ठेकेदार का कार्य करने पर सामान्यतः आपत्ति प्रतीत नही होती है।

दिनांक...........................

हस्ताक्षर

जिला मजिस्ट्रेट/कलेक्टर

(मुहर सहित)

**नोटः–**

1–जिला मजिस्ट्रेट/कलेक्टर द्वारा यह प्रमाण–पत्र अपने स्वंय के हस्ताक्षर से निर्गत किया जायेगा। उसके स्थान पर किसी अन्य अधिकारी द्वारा प्रमाण–पत्र निर्गत नही किया जायेगा।

2–प्रमाण–पत्र देने के पूर्व वह आवश्यकतानुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक/तहसीलदार /एस0डी0एम0/अपर जिलाधिकारी अथवा किसी अन्य अधिकारी से जाँच कराकर रिपोर्ट प्राप्त कर सकते हैं।

3–सम्बन्धित व्यक्ति से स्वघोषणा शपथ–पत्र भी ले सकते हैं।

4–यह प्रमाण–पत्र सामान्यतः दो वर्ष के लिये मान्य होगा। यदि इससे पूर्व कोई अपराधिक घटना होती है अथवा प्रार्थी के विरूद्ध कोई अपराधिक मुकदमा आदि दर्ज होता है या वह किसी संगठित अपराध में या माफिया गतिविधियों में या आसामजिक गतिविधियों में पकड़ा जाता है तो पुलिस विभाग का यह उत्तरदायित्व होगा कि इसकी सूचना वह जिला

13-3-24 13/03/24 13/3/24 13/3/24

मजिस्ट्रेट/कलेक्ट्रेट तथा सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को देगा और प्रमाण-पत्र तत्काल निरस्त किया जायेगा।

5-इन प्रमाण पत्रों की प्रविष्ट जिलाधिकारी कार्यालय में तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक अलग रजिस्टर में विधिवत अंकित की जायेगी और निर्गत प्रमाण-पत्र की एक प्रमाणित फोटो प्रति रजिस्टर में अवश्य रखी जायेगी।

6-इस प्रमाण-पत्र के निर्गत करने अथवा निरस्त करने के सम्बन्ध में अंतिम निर्णय सम्बन्धित जिला मजिस्ट्रेट/कलेक्टर का होगा।

7-निर्गत प्रमाण-पत्र की एक कार्यालय प्रति (Office Copy) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अवश्य रखी जायेगी और एक अलग रजिस्टर में प्रविष्टि अंकित की जायेगी जिससे रिकार्ड रहे।

8-सम्बन्धित व्यक्ति द्वारा पासपोर्ट साइज का अपना नवीनतम फोटोग्राफ जो राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित हो, चरित्र प्रमाण-पत्र के ऊपर निर्धारित स्थान पर चस्पा किया जायेगा।

SK 13-3-24   13/03/24   13/3/24   13/3/24.

परिशिष्ट–द

## एकल स्वामित्व/साझेदारी/प्राइवेट लि0/लिमिटेड/अन्य का विवरण

| क्रम संख्या | एकल स्वामित्व/साझेदार /निदेशक का नाम | आयु | शेयर (प्रतिशत में) | तकनीकी अनुभव वर्ष........... से वर्ष........... तक | क्या धारक पावर ऑफ एटार्नी होल्डर है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |

SK 13-3-24 13/03/24 13/3/24 13/3/24

## शपथ पत्र का प्रारूप

| | |
|---|---|
| मै...................................................पुत्र श्री .................... निवासी (स्थायी पता)...............................................................(अस्थाई पता).. ................................................... का निवासी हूं। मै शपथ पूर्वक निम्न घोषणा करता हूं:- | सम्बन्धित अधिकारी द्वारा प्रमाणित पासपोर्ट साइज का नवीनतम फोटोग्राफ चस्पा किया जाय |

1. यह कि मेरे अधीन.................अदद ग्रेजुएट इंजीनियर.................अदद डिप्लोमा होल्डर कार्यरत है, जिनका विवरण संलग्न है (यदि लागू)।
2. यह कि मेरे पास पर्याप्त मात्रा में तकनीकी स्टाफ उपलब्ध है, जो कि मानचित्र पढ़ने में, कार्यो की प्लानिंग एवं संपादन में, निविदा निपुणता से भरने में, बिल बनाने में तथा कार्यो के संपादन एवं पर्यवेक्षण में सक्षम है (यदि लागू)।

दिनांक

शपथी का पूरा हस्ताक्षर

पूरा नाम–

पता–

नोटः-

1. यह स्वघोषणा शपथ-पत्र रू0 10/- (दस रूपये) के Stamp Paper पर नोटरी द्वारा साक्ष्यों की उपस्थिति में सत्यापित कराते हुए दिया जायेगा।
2. असत्य शपथ-पत्र देना एवं संगीन और संज्ञेय अपराध है।
3. सम्बन्धित व्यक्ति द्वारा पासपोर्ट साइज का अपना फोटोग्राफ, जो राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित हो, शपथ पत्र के ऊपर निर्धारित स्थान पर चस्पा किया जायेगा।

SK 13-3-24 13/03/24 13/3/24 13/3/24